No complaint

प्रयोजनमूलक हिन्दी

**13P/225/25**

Question Booklet No. ..................................

(To be filled up by the candidate by ***blue/black ball-point pen***)

Roll No. | | | | | | | | |

Roll No.
(Write the digits in words) ..............................................................................................

Serial No. of Answer Sheet ..................................

Day and Date ..............................                    ..............................................(Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the Answer Sheet)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. *On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.*
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet No. on the Question Booklet.
7. Any changes in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.*
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[ उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गये हैं। ]

Total No. of Printed Pages : 22

**13P/225/25**

**No. of Questions : 150**

**प्रश्नों की संख्या : 150**

*Time : 2½ Hours]* *[ Full Marks : 450*

*समय : 2½ घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 450*

*Note* : (i) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3 (three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer.*** **Zero** mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3 (तीन)** अंक का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक शून्य होगा।

(ii) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

**1.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्थापना वर्ष है :

(1) 1950 ई० (2) 1951 ई०

(3) 1952 ई० (4) 1953 ई०

**2.** भारतरत्न पं० भीमसेन जोशी की गायकी का सम्बन्ध हिन्दुस्तान के किस प्रसिद्ध संगीत घराने से था ?

(1) ग्वालियर (2) किराना

(3) सेनिया (4) बनारस

**3.** इनमें से किसे 'साहित्य अकादमी' अवार्ड मिला है ?

(1) अरुंधति (2) झुम्पा लाहिरी

(3) इन्दिरा गोस्वामी (4) सालेहा आबिद हुसेन

4. 'तहरीर' चौक किस नगर में है ?

(1) दमिश्क (2) त्रिपोली

(3) अबूजा (4) काहिरा

5. 'गोल्डेन ग्लोब' अवार्ड किस विधा में दिया जाता है ?

(1) साहित्य (2) नृत्य

(3) फ़िल्म (4) खेल

6. विश्व में डाक टिकट सर्वप्रथम किस देश में जारी किया गया ?

(1) संयुक्त राज्य अमरीका (2) ब्रिटेन

(3) जर्मनी (4) फ्रांस

7. अधोलिखित में से किस भाषा को 'प्रथम शास्त्रीय भाषा' का दर्जा प्रदान किया गया है ?

(1) तमिल (2) तेलुगु

(3) कन्नड (4) संस्कृत

8. इब्ने बतूता किसके शासन काल में भारत आया ?

(1) इल्तुतमिश (2) मुहम्मद तुग़लक

(3) अलाउद्दीन खिलजी (4) फ़िरोज़ तुग़लक

9. 'जरवा' जनजाति किस राज्य में रहती है ?

(1) मणिपुर (2) मेघालय

(3) असम (4) अंडमान-निकोबार

10. 'होर्मुज़' जलडमरूमध्य किस देश के अति निकट स्थित है ?

(1) मलेशिया (2) ऑस्ट्रेलिया

(3) यमन (4) ईरान

11. रडार की कार्यप्रणाली निम्नलिखित सिद्धान्त पर आधारित है :

(1) तरंगों का अपवर्तन (2) डाप्लर प्रभाव

(3) रमन प्रभाव (4) रेडियो तरंगों का परावर्तन

12. 'कुडोकुलम' एटामिक पावर प्लांट का निर्माण किस देश के सहयोग से भारत कर रहा है ?

(1) संयुक्त राज्य अमरीका (2) फ्रांस

(3) रूस (4) ब्रिटेन

**13.** भाववाचक संज्ञा है :

(1) बहन (2) गंगा

(3) मोबाइल (4) चतुराई

**14.** विनायक सेन का कार्यक्षेत्र क्या है ?

(1) फ़िल्म (2) रंगमंच

(3) मानवाधिकार (4) जल प्रबन्धन

**15.** विशेषण का भेद ***नहीं*** है :

(1) गुणवाचक विशेषण (2) परिणामवाचक विशेषण

(3) व्यक्तिवाचक विशेषण (4) सार्वनामिक विशेषण

**16.** 'मानव अधिकार दिवस' कब मनाया जाता है ?

(1) 5 जून को (2) 14 जुलाई को

(3) 27 सितम्बर को (4) 10 दिसम्बर को

**17.** भारत संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य कब बना ?

(1) 1945 में (2) 1947 में

(3) 1948 में (4) 1950 में

**18.** मालद्वीप किस देश के निकटतम स्थित है ?

(1) भारत (2) पाकिस्तान

(3) श्रीलंका (4) मारीशस

**19.** निम्नलिखित में सें किसने काशी में स्कूली शिक्षा प्राप्त की ?

(1) जया बच्चन (2) जयप्रदा

(3) मनीषा कोइराला (4) शबाना आज़मी

**20.** विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय किस नगर में है ?

(1) न्यूयार्क (2) रोम

(3) जिनेवा (4) पेरिस

**21.** 'जहाँ धर्म होता है, वहाँ विजय होती है' किस वर्ग का वाक्य है ?

(1) समानाधिकरण उपवाक्य (2) सरल वाक्य

(3) मिश्र वाक्य (4) संयुक्त वाक्य



P.T.O.

**22.** पंडित जवाहरलाल नेहरू लोकसभा की किस सीट से प्रत्याशी हुआ करते थे ?

(1) इलाहाबाद (2) रायबरेली

(3) अमेठी (4) फूलपुर

**23.** भारत में प्रथम टी०वी० स्टेशन किस वर्ष चालू हुआ ?

(1) 1955 (2) 1957

(3) 1959 (4) 1961

**24.** वृद्धि सन्धि का उदाहरण है :

(1) सदैव (2) नायक

(3) स्वागत (4) उल्लास

**25.** 'आईने अकबरी' का लेखक कौन है ?

(1) मानसिंह (2) टोडरमल

(3) अबुल फ़ज़ल (4) अब्दुर्रहीम ख़ानख़ाना

**26.** निम्नलिखित में से हिन्दी की प्रथम रचना कौन है ?

(1) पृथ्वीराज रासो (2) खुमान रासो

(3) अमीर खुसरो की पहेलियाँ (4) पद्मावत

**27.** असंगत वाक्य है :

(क) वह चुपचाप बोलने लगा। (ख) विश्वभर के लोग चकित हैं।

(ग) मैं मरने के बाद भी तुम्हें याद करूँगा। (घ) मेरा पत्र न मिले तो सूचित करना।

(1) क, ख एवं ग (2) ख, ग एवं घ

(3) क, ग एवं घ (4) क, ख, ग एवं घ

**28.** उत्तर प्रदेश में प्रथम विश्वविद्यालय किस नगर में स्थापित हुआ ?

(1) आगरा (2) लखनऊ

(3) इलाहाबाद (4) गोरखपुर

**29.** संज्ञा शब्दों के अनुपयुक्त प्रयोग का उदाहरण है :

(1) आप रविवार के दिन चले आइए। (2) डाकुओं का समूह टूट पड़ा।

(3) उसके पास मात्र पाँच रुपये हैं। (4) यह बड़ा सुन्दर चित्र है।

**30.** वर्ष 2012 का 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है ?

(1) सीताकांत महापात्र (2) डॉ० शवूरी भारद्वाज

(3) बलदेव सिंह वैद्य (4) विष्णु नागर

**31.** 3 सेमी, 4 सेमी, तथा 5 सेमी, त्रिज्याओं वाले गोलों को पिघलाकर एक नया गोला बनाया जाता है। इस बड़े गोले की त्रिज्या क्या होगी ?

(1) 6 सेमी (2) 7.5 सेमी

(3) 10 सेमी (4) 12 सेमी

**32.** प्रकाश, सुनील और अनिल ने मिलकर 11.00 लाख, 16.50 लाख, तथा 8.25 लाख रुपये के निवेश से एक कारोबार किया। तीसरे वर्ष के अन्त में उन्हें 19.50 लाख रुपये का लाभ हुआ। लाभ में अनिल का हिस्सा क्या होगा ?

(1) 9 लाख (2) 4.50 लाख

(3) 7.5 लाख (4) 5 लाख

**33.** गिरिधर घरेलू चीजों पर अपनी मासिक आय का 50% खर्च करता है। शेष में से 50% परिवहन पर, 25% मनोरंजन पर तथा 10% खेल-कूद पर खर्च करता है और शेष 900 रुपये की राशि की बचत करता है। गिरिधर की मासिक आय क्या है ?

(1) 6,000 रुपये (2) 12,000 रुपये

(3) 9,000 रुपये (4) 8,000 रुपये

**34.** नरेश ने लेबल पर लिखी कीमत पर 10% छूट पाने के बाद एक टी० वी० सेट खरीदा। उसने ट्रांसपोर्ट पर 150 रुपये और इंस्टालेशन पर 800 रुपये खर्च किए। बिना छूट दिए 15% लाभ कमाने के लिए यह कितनी कीमत पर बेचा जाना चाहिए ?

(1) 12,937.50 रुपये (2) 14,030 रुपये

(3) 13,450 रुपये (4) 15,467.50 रुपये

**35.** 15 रुपये प्रति मीटर की दर से एक वृत्ताकार प्लाट की बाड़ लगाने की लागत 3,300 रु० है। 100 रु० प्रति वर्गमीटर की दर से इस प्लाट की फ्लोरिंग की लागत कितनी होगी ?

(1) 3,85,000/रु० (2) 2,20,000/रु० (3) 3,50,000/रु० (4) 2,85,000/रु०

**36.** 12 पुरुष एक काम को आठ दिन में पूरा कर लेते हैं। 3 दिन काम करने के बाद यह तय हुआ कि शेष काम 4 दिन में पूरा करना है। कितने आदमी और बढ़ा दें कि शेष काम 4 दिन में पूरा हो जाए ?

(1) 3 आदमी (2) 4 आदमी (3) 5 आदमी (4) 6 आदमी



P.T.O.

**37.** 30 निरीक्षणों का माध्य 150 निकला परन्तु बाद में ज्ञात हुआ कि एक निरीक्षण गलती से 165 की जगह 135 लिखा गया था। सही माध्य क्या है ?

(1) 180 (2) 151 (3) 149 (4) 120

**38.** 45 विद्यार्थियों की कक्षा में 30 लड़कें हैं तथा शेष लड़कियाँ हैं। यदि लड़कियों का माध्य भार 45 किलोग्राम तथा लड़कों का माध्य भार 52 किलोग्राम है, तो सम्पूर्ण कक्षा का माध्य भार लगभग कितने किलोग्राम है ?

(1) 48 किलोग्राम
(2) 49 किलोग्राम
(3) 50 किलोग्राम
(4) 51 किलोग्राम

**39.** एक व्यक्ति A से B स्थान तक 60 किलोमीटर प्रति घन्टे की गति से जाता है तथा B से A को 40 किलोमीटर प्रति घन्टा की गति से लौटता है। सम्पूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत गति कितनी है ?

(1) 50 किमी प्रति घन्टा
(2) 48 किमी प्रति घन्टा
(3) 45 किमी प्रति घन्टा
(4) 55 किमी प्रति घन्टा

**40.** यदि किसी धन का 2 वर्ष के लिए 4% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज 102 रु० है जबकि ब्याज वार्षिक देय है, तो उसी धन का उसी दर से उतने ही समय का साधारण ब्याज क्या होगा ?

(1) 99 रु०
(2) 100 रु०
(3) 101 रु०
(4) 102 रु०

**41.** एक कक्षा के 20 लड़कों की औसत आयु 12 वर्ष है। यदि उनके अध्यापक की आयु भी जोड़ ली जाए तो औसत आयु 1 वर्ष बढ़ जाती है। अध्यापक की आयु कितनी है ?

(1) 30 वर्ष
(2) 33 वर्ष
(3) 23 वर्ष
(4) 43 वर्ष

**42.** माँ और बेटे की आयु का अनुपात 7 : 3 है। यदि उनकी आयु का योग 60 वर्ष है, तो उनकी आयु का अन्तर क्या होगा ?

(1) 20 वर्ष
(2) 24 वर्ष
(3) 32 वर्ष
(4) 28 वर्ष

**43.** 20% प्रति वर्ष की ब्याज दर से मोहन ने 20,000 रुपये का निवेश किया। पहले एक वर्ष के लिए ब्याज अर्धवार्षिक आधार पर चक्रवर्धित होता था और दूसरे वर्ष यह वार्षिक आधार पर चक्रवर्धित होता था। दो वर्ष के अन्त में अर्जित कुल ब्याज कितना होगा ?

(1) 8,800 रु०
(2) 9,040 रु०
(3) 8,040 रु०
(4) 9,800 रु०

**44.** यदि किस आयत की लम्बाई 10% कम कर दी जाए तथा चौड़ाई 10% बढ़ा दी जाए तो इसका क्षेत्रफल :

(1) अपरिवर्तित रहेगा
(2) 1% कम हो जाएगा
(3) 0.1% कम हो जाएगा
(4) 0.1 % बढ़ जाएगा

**45.** A की क्षमता B से दूनी है। यदि वे मिलकर काम करें तो काम 18 दिन में पूरा हो जाता है। A अकेले उस काम को कितने दिनों में पूरा कर लेगा ?

(1) 27 दिनों में
(2) 36 दिनों में
(3) 40 दिनों में
(4) 54 दिनों में

*निर्देश : (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक के लिए)*

इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दी गई सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

**छः विद्यार्थियों द्वारा छः विषयों में प्राप्त अंकों का प्रतिशत**

| विषय | इतिहास | भूगोल | गणित | विज्ञान | अंग्रेजी | हिन्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अधिकतम अंक | 75 | 75 | 100 | 150 | 50 | 60 |
| विद्यार्थी | अंक | प्रतिशत | में | | | |
| A | 82 | 66 | 59 | 76 | 62 | 65 |
| B | 76 | 72 | 65 | 84 | 74 | 75 |
| C | 56 | 78 | 71 | 66 | 86 | 70 |
| D | 64 | 80 | 68 | 72 | 66 | 80 |
| E | 48 | 68 | 83 | 88 | 56 | 60 |
| F | 60 | 74 | 79 | 64 | 80 | 85 |

**46.** विज्ञान में सभी विद्यार्थियों को 150 अंकों में से औसत कितने अंक मिले हैं ?

(1) 75.00
(2) 112.50
(3) 108.50
(4) 78.00

**47.** सभी विद्यार्थियों को भूगोल में औसत कितने अंक मिले हैं ?

(1) 54.25
(2) 54.75
(3) 73.00
(4) 71.00



P.T.O.

**48.** D को गणित, विज्ञान तथा अंग्रेजी में प्राप्त कुल अंक और F को इन विषयों में प्राप्त कुल अंक के बीच क्रमशः अनुपात क्या है ?

(1) 209 : 215
(2) 215 : 209
(3) 206 : 223
(4) 223 : 206

**49.** C को विज्ञान में मिले अंक उसे सभी छह विषयों में मिले कुल अंकों का लगभग कितने प्रतिशत है ?

(1) 22
(2) 18
(3) 20
(4) 28

**50.** B को सभी विषयों में मिलाकर कुल कितने अंक मिले हैं ?

(1) 336
(2) 384
(3) 446
(4) 284

**51.** निम्नलिखित में से किस राजनेत्री को विश्व भर में 'आयरन लेडी' के रूप में जाना गया ?

(1) हू-चिन्ताओ
(2) ली किछियांग
(3) शि-जिन्पिंग
(4) इरोम शर्मिला

**52.** देवनागरी लिपि में कितने वर्ण हैं ?

(1) 26
(2) 36
(3) 44
(4) 56

**53.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है ?

(1) दही
(2) मधु
(3) मोती
(4) धातु

**54.** भारत में किसी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय दल की मान्यता प्राप्त करने के लिए कितने राज्यों में राज्यस्तरीय पार्टी बनना आवश्यक है ?

(1) चार
(2) पाँच
(3) छः
(4) सात

**55.** 'कवि' का स्त्रीलिंग क्या है ?

(1) कवित्री
(2) कवियत्री
(3) कवियित्री
(4) कवयित्री

**56.** 'युद्धरत आम आदमी' पत्रिका के सम्पादक है :

(1) अनामिका (2) रमणिका गुप्ता

(3) किशन कालजयी (4) पंकज बिष्ट

**57.** 'निश्चिन्त' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(1) स्वर संधि (2) विसर्ग संधि

(3) व्यंजन संधि (4) यण् संधि

**58.** 'नयन' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(1) स्वर संधि (2) विसर्ग संधि

(3) यण् संधि (4) अयादि संधि

**59.** 'अन्वेषण' शब्द में कौन-सी संधि है ?

(1) अयादि संधि (2) गुण संधि

(3) यण् संधि (4) वृद्धि संधि

**60.** जो धातु या शब्द के अन्त में जोड़ा जाता है उसे क्या कहते है ?

(1) समास (2) अव्यय

(3) उपसर्ग (4) प्रत्यय

**61.** किस शब्द में उपसर्ग ***नहीं*** है ?

(1) अपवाद (2) ओढ़ना

(3) पराजय (4) प्रभाव

**62.** 'अनुज' शब्द को स्त्रीवाचक शब्द बनाने के लिए आप किस प्रत्यय का प्रयोग करेंगे ?

(1) इक (2) इय

(3) आ (4) ई

**63.** 'समास' का शाब्दिक अर्थ होता है :

(1) संक्षेप (2) विस्तार

(3) विग्रह (4) विच्छेद

**64.** 'देशांतर' में कौन-सा समास है ?

(1) बहुव्रीहि
(2) द्विगु
(3) द्वन्द्व
(4) कर्मधारय

**65.** पद्मभूषण से सम्मानित संगीतकार एम० एस० गोपालकृष्णन् का सम्बन्ध है :

(1) बाँसुरी से
(2) वीणा से
(3) वायलिन से
(4) शास्त्रीय गायन से

**66.** 'के लिए' किस कारक का चिह्न है ?

(1) कर्म
(2) सम्प्रदान
(3) अपादान
(4) अधिकरण

**67.** मिर्जा गालिब के जीवन पर आधारित नाटक 'कैदे हयात' के लेखक है :

(1) गुलज़ार
(2) धर्मवीर भारती
(3) मोहन राकेश
(4) सुरेन्द्र वर्मा

**68.** निम्नलिखित में से कौन 'कर्त्तव्य' का पर्यायवाची ***नहीं*** है ?

(1) कृत्य
(2) कार्य
(3) विधेय
(4) विधि

**69.** बलात्कार कानून में संशोधन पर जस्टिस वर्मा समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को कब दी ?

(1) दिसम्बर, 2012 में
(2) जनवरी, 2013 में
(3) फरवरी, 2013 में
(4) मार्च, 2013 में

**70.** निम्नलिखित में से कौन 'दया' का पर्यायवाची ***नहीं*** है ?

(1) कृपा
(2) अनुग्रह
(3) अनुकम्पा
(4) प्रेम

**71.** वर्ष 2012 का प्रसिद्ध 'मान बुकर' पुरस्कार ब्रिटिश लेखिका हिलेरी मेंटेल को किस पुस्तक के लिए प्रदान किया गया ?

(1) गिविंग अप द घोस्ट
(2) द विंची कोड
(3) ब्रिंग अप द बॉडीज
(4) ए चेंज इन द क्लाइमेट

**72.** ***शुद्ध वर्तनी*** का चयन करें :

(1) उद्योगीकरण
(2) औद्योगीकरण
(3) ओद्योगीकरण
(4) औद्योगिकरण

**73.** ***शुद्ध वर्तनी*** का चयन करें :

(1) परिणति
(2) परणति
(3) परणिति
(4) परीणीत

**74.** जैव विविधता पर संयुक्त राष्ट्र का सम्मेलन 'कॉप-22' का आयोजन कहाँ किया गया ?

(1) कानकून
(2) दोहा
(3) हैदराबाद
(4) डरबन

**75.** 'ईद का चाँद होना' – इस मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(1) बहुत कम दिखाई देना
(2) बहुत प्रिय होना
(3) बहुत सुन्दर होना
(4) बहुत लाडला होना

**76.** 'अपना सा मुँह लेकर रह जाना' – इस मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(1) पराजित होना
(2) लज्जित होना
(3) निराश होना
(4) हिम्मत पस्त होना

**77.** भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है ?

(1) शब्द
(2) व्यंजन
(3) स्वर
(4) वर्ण

**78.** हिन्दी वर्णमाला में स्वरों की कुल संख्या कितनी है ?

(1) 10 (2) 11 (3) 12 (4) 13

**79.** ***शुद्ध वर्तनी*** का चयन करें :

(1) अन्वेषण
(2) अनवेषण
(3) अन्वेशण
(4) अनिवेषण

**80.** 'मानव' शब्द से विशेषण बनेगा :

(1) मनुष्य
(2) मानवीकरण
(3) मानवता
(4) मानवीय

**81.** राष्ट्रपति ने प्रथम राजभाषा आयोग का अध्यक्ष किसे बनाया था ?

(1) के० एम० मुन्शी (2) राज ऋषि टंडन

(3) बाल गंगाधर खेर (4) सम्पूर्णानन्द

**82.** राजभाषा आयोग के प्रतिवेदन पर विचार करने के लिए संसद की राजभाषा समिति का अध्यक्ष कौन था ?

(1) सम्पूर्णानन्द (2) द्वारका प्रसाद मिश्र

(3) सेठ गोविन्द दास (4) गोविन्द बल्लभ पंत

**83.** श्रीकान्त महापात्र प्रतिवेदन का सम्बन्ध किस भाषा से है ?

(1) कन्नड़ (2) ओड़िया

(3) मलयालम (4) भोजपुरी

**84.** निम्न में से कौन एन० डी० टी० वी० का हिन्दी समाचार चैनल है ?

(1) एन० डी० टी० वी० हिन्दू (2) एन० डी० टी० वी० प्राफिट

(3) एन० डी० टी० वी० इंडिया (4) एन० डी० टी० वी० 24 × 7

**85.** हिन्दी की कौन-सी उपभाषा संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल है ?

(1) ब्रज (2) मैथिली

(3) अवधी (4) भोजपुरी

**86.** 'जब तक संघ का एक भी राज्य नहीं चाहेगा तब तक अंग्रेजी को हटाया नहीं जाएगा।' इस आशय का संशोधन भारतीय संविधान में कब किया गया ?

(1) 1963 (2) 1965

(3) 1966 (4) 1967

**87.** संविधान के किस अनुच्छेद मे हिन्दी के विकास तथा प्रसार को भारतीय संघ का कर्त्तव्य बताया गया है ?

(1) अनुच्छेद 345 (2) अनुच्छेद 347

(3) अनुच्छेद 348 (4) अनुच्छेद 351

**88.** किस टी० वी० चैनल की पंच लाइन (PUNCH LINE) है – 'खबरें फटाफट' ?

(1) आजतक (2) तेज चैनल

(3) हेडलाइन टुडे (4) दिल्ली आजतक

**89.** दूरदर्शन को आकाशवाणी से अलग करने का सुझाव किसने दिया था ?

(1) प्रथम प्रेस आयोग
(2) चन्द्रा समिति
(3) वर्गीज़ समिति
(4) निखिल चक्रवर्ती समिति

**90.** राजभाषा आयोग के प्रतिवेदन (31 जुलाई, 1956) में किसने विमत पत्र प्रस्तुत किया ?

(1) सेठ गोविन्द दास
(2) पुरुषोत्तम दास टंडन
(3) के० एम० मुन्शी
(4) सुनीति कुमार चटर्जी

**91.** अंग्रेजी शब्द ULTIMATUM (अल्टीमेटम) को हिन्दी में कहते हैं :

(1) चेतावनी
(2) विरोध
(3) अन्तरिम चेतावनी
(4) अन्तिम चेतावनी

**92.** INCOMPETENT को हिन्दी में कहते हैं :

(1) बेकार
(2) अकुशल
(3) अक्षम
(4) अनाड़ी

**93.** CLOSING BALANCE को हिन्दी में कहते हैं :

(1) खाता बन्द करना
(2) रकम का निर्धारण
(3) अन्तःशेष
(4) सम्पूर्ण रकम

**94.** ENDOWMENT को हिन्दी में कहते हैं :

(1) दान
(2) अनुदान
(3) अनुग्रह राशि
(4) अक्षय निधि

**95.** निम्नलिखित में से कौन स्तम्भ लेखक ***नहीं*** है ?

(1) कुलदीप नैय्यर
(2) सूर्यनाथ सिंह 'सूर्य'
(3) वीरेन्द्र मोहन गुप्त
(4) खुशवन्त सिंह

**96.** प्रसार भारती कानून को किस सूचना एवं प्रसारण मंत्री के कार्यकाल में लागू किया गया ?

(1) लालकृष्ण अडवाणी
(2) जयपाल रेड्डी
(3) यशवन्त सिन्हा
(4) अम्बिका सोनी

97. PRINT LINE दर्शाती है :
(1) समाचार नीति
(2) समाचार सामग्री
(3) समाचारपत्र का प्रसार
(4) समाचारपत्र का प्रकाशक, मुद्रक तथा सम्पादक

98. EMBARGO का अर्थ होता है :
(1) समाचार का आरम्भ
(2) समाचार को नहीं छापना
(3) समाचार का अन्त
(4) समाचार को एक निश्चित समय पर छापना

99. CUB REPORTER से अभिप्राय है :
(1) अपराध रिपोर्टर
(2) बहादुर रिपोर्टर
(3) प्रशिक्षु-रिपोर्टर
(4) सीनियर रिपोर्टर

100. CONSENSUS को हिन्दी में कहते हैं :
(1) समर्थन
(2) सहयोग
(3) सहमति
(4) मतैक्य

101. DEADLINE का अर्थ है :
(1) मृत्यु का समय
(2) मृत्यु की बारी
(3) समाचार का आरम्भिक समय
(4) समाचार का अन्तिम समय

102. COMPUTER के क्षेत्र में 'लोगो' (LOGO) का अर्थ है :
(1) प्रतीक
(2) निशान
(3) सिगनल
(4) भाषा

103. SUSPENSE ACCOUNT को हिन्दी में कहते हैं :
(1) बन्द खाता
(2) नया खाता
(3) उचंत खाता
(4) चालू खाता

104. DEMAND DRAFT को हिन्दी मे कहते हैं :
(1) मांग प्रस्ताव
(2) मांगपत्र
(3) चेतावनी पत्र
(4) आशय पत्र

**105.** DEMURRAGE को हिन्दी में कहते हैं :

(1) अधिभार
(2) महसूल
(3) अतिरिक्त शुल्क
(4) विलंब शुल्क

**106.** मार्केटिंग के क्षेत्र में EXCHANGE का अर्थ है :

(1) लेन-देन
(2) आदान-प्रदान
(3) अदला-बदली
(4) विनिमय

**107.** SCOOP से तात्पर्य है :

(1) नया समाचार
(2) विशेष समाचार
(3) अपुष्ट समाचार
(4) ऐसा समाचार जो किसी अन्य समाचारपत्र में नहीं छपा हो

**108.** EXCISE DUTY को हिन्दी में कहते हैं :

(1) चुंगी
(2) महसूल
(3) उत्पाद शुल्क
(4) विशेष शुल्क

**109.** केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय द्वारा प्रस्तावित 'मानक वर्तनी' को दृष्टिपथ में रखते हुए *अशुद्ध* को चिह्नित कीजिए :

(1) आविष्कार
(2) सन्ध्या
(3) चक्का
(4) रेंगकर

**110.** अर्थजगत में SECURITIES से तात्पर्य हैं :

(1) सुरक्षा
(2) निवेश की सुरक्षा
(3) प्रतिभूति
(4) विनिवेश

**111.** अंग्रेजी शब्द AMALGAMATION को हिन्दी में कहते हैं :

(1) संयुक्तीकरण
(2) एकीकरण
(3) समामेलन
(4) सुमेल

**112.** ACQUISITION को हिन्दी में कहते हैं :

(1) प्राप्त करना
(2) स्वीकारना
(3) एकीकरण
(4) अधिग्रहण

**113.** किस राज्य में राजभाषा अधिनियम, 1963 (यथा संशोधित) की धारा 6 और 7 के उपबन्ध लागू ***नहीं*** हैं ?

(1) गुजरात (2) तमिलनाडु
(3) उड़ीसा (4) जम्मू और कश्मीर

**114.** ADMINISTERED PRICE को हिन्दी में कहते हैं :

(1) सरकारी मूल्य (2) लागत मूल्य
(3) निर्देशित कीमत (4) बढ़ी हुई कीमत

**115.** निम्नलिखित में से कौन उच्चारण अवयव ***नहीं*** है ?

(1) ओष्ठ (2) दाँत
(3) जिह्वा (4) नाक

**116.** स्टॉक इक्सचेंज की शब्दावली में BEAR का अर्थ है :

(1) बर्दाश्त करना (2) भालू
(3) तेजड़िया (4) मंदड़िया

**117.** ASSESSMENT YEAR को हिन्दी में कहते हैं :

(1) चालू वर्ष (2) वित्तीय वर्ष
(3) गत वर्ष (4) निर्धारण वर्ष

**118.** 'बाजार-हाट' इसका उदाहरण है :

(1) पुनरुक्त शब्द (2) प्रतिध्वनिशब्द
(3) अनुरणनात्मक (4) शब्द द्वय

**119.** भारतीय पत्रकारिता के लम्बे इतिहास खण्ड में पत्रों की स्वतंत्रता के लिए अथक परिश्रम करने वाले अंग्रेज के रूप में प्रख्यात हैं :

(1) वारेन हेस्टिंग्स (2) लार्ड वेलेजली
(3) टाइलर विलियम्स (4) चार्ल्स मेटकाफ

**120.** संसद में ZERO HOUR का अर्थ है :

(1) आधी रात (2) भोजन अवकाश
(3) सदन का स्थगन (4) प्रश्न काल

**121.** FDI का अर्थ है :

(1) विदेशी निवेश
(2) घरेलू निवेश
(3) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
(4) प्रत्यक्ष कर

**122.** BOOK VALUE को हिन्दी में कहते हैं :

(1) पुस्तक मूल्य
(2) पुस्तक का विक्रय मूल्य
(3) पुस्तक का महत्त्व
(4) अंकित मूल्य

**123.** BUFFER STOCK को हिन्दी में कहते हैं :

(1) अवरोधी भंडार
(2) वैकल्पिक भंडार
(3) सुरक्षित भंडार
(4) संचित भंडार

**124.** PLAINT को हिन्दी में कहते हैं :

(1) प्रार्थना-पत्र
(2) वादपत्र
(3) याचना
(4) शिकायत

**125.** 'रोजी मिस' चरित्र किस विज्ञापन से सम्बन्धित है ?

(1) मैगी नूडल्स
(2) सर्फ एक्सेल
(3) एशियन पेन्ट्स
(4) ऑल-आउट

**126.** No root, no fruit' के लिए सटीक अनुवाद होगा :

(1) न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी
(2) न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी
(3) न सावन सूखे, न भादों हरे
(4) न आदि का पता, न अन्त का

**127.** सदन की कार्यवाही से अलग किए गए अंश को यदि कोई समाचारपत्र प्रकाशित करता है, तो उस पर किस तरह का मामला बनता है ?

(1) अवमानना
(2) प्रेस कानून-उल्लंघन
(3) विशेषाधिकार हनन
(4) मानहानि

**128.** "जरा-जरा टच् मी टच-मी टच-मी" – फिल्मी गीत निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(1) कोड मिश्रण
(2) कोड अन्तरण
(3) कोड परिवर्तन
(4) क्रियोल

**129.** NEWS DIVISION को हिन्दी में कहते हैं :

(1) समाचार विभाग
(2) समाचार प्रभाग
(3) समाचार अनुभाग
(4) समाचार मंडल

**130.** INDIAN COUNCIL FOR CULTURAL RELATIONS को हिन्दी में कहते हैं :

(1) सांस्कृतिक सम्बन्धों की भारतीय परिषद्
(2) सांस्कृतिक सम्पर्क परिषद्
(3) भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध समिति
(4) भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद्

**131.** सर्वप्रथम किस पत्रिका में हिन्दी में लेख छपे ?

(1) समाचार दर्पण
(2) संवाद कौमुदी
(3) दिग्दर्शन
(4) बंगाल गजट

**132.** 'अस्ताचल को जात है।' यह पंक्ति किस समाचारपत्र के बारे में है ?

(1) उदन्त मार्तण्ड
(2) बनारस अखबार
(3) सुधाकर
(4) हरिश्चन्द्र चन्द्रिका

**133.** महामना मदन मोहन मालवीय इनमें से किस समाचारपत्र के सम्पादक ***नहीं*** थे ?

(1) हिन्दोस्थान
(2) अभ्युदय
(3) लीडर
(4) हिन्दुस्तान टाइम्स

**134.** महिलाओं के लिए हिन्दी में प्रथम पत्रिका किस नगर से प्रकाशित हुई ?

(1) कोलकाता
(2) काशी
(3) प्रयाग
(4) आगरा

**135.** 'आज अखबार' का दूसरा सम्पादक कौन था ?

(1) बाबू श्रीप्रकाश
(2) शिवप्रसाद गुप्त
(3) बाबूराव पराड़कर
(4) रघुनाथ थत्ते

**136.** राज्यों के राज्यपालों, उच्चतम एवं उच्च न्यायालयों के न्यायमूर्तियों के नियुक्ति अधिपत्र अंग्रेजी के अतिरिक्त हिन्दी में भी महामहिम राष्ट्रपति के किस आदेश के अधीन निर्गत किए जाते हैं ?

(1) राष्ट्रपति के आदेश, 1952
(2) राष्ट्रपति के आदेश, 1955
(3) राष्ट्रपति के आदेश, 1960
(4) राजभाषा अधिनियम, 1963

**137.** 'मालवा अख़बार' किस भाषा में ***नहीं*** छपता था ?

(1) उर्दू (2) मराठी

(3) हिन्दी (4) गुजराती

**138.** 'रणभेरी' का सम्पादक कौन था ?

(1) माधवराव सप्रे (2) रामप्रसाद बिस्मिल

(3) लोकमान्य तिलक (4) बाबूराव पराड़कर

**139.** दैनिक 'जनसत्ता' का प्रथम सम्पादक कौन था ?

(1) राजेन्द्र माथुर (2) अक्षयकुमार जैन

(3) प्रभाष जोशी (4) मनोहर श्याम जोशी

**140.** 'त्रिभाषा सूत्र' संसदीय संकल्प, 1967 के किस खण्ड में प्रस्तुत है ?

(1) खण्ड '1' (2) खण्ड '2'

(3) खण्ड '3' (4) खण्ड '4'

**141.** 'विशाल भारत' अख़बार किस नगर से प्रकाशित होता था ?

(1) काशी (2) कोलकाता

(3) प्रयाग (4) पटना

**142.** भारत में इंटरनेट सेवा प्रदान करने वाली नई सुविधा का नाम है :

(1) एम० आई० एस० एस० (2) टी० आर० डी० एस०

(3) जी० आई० एस० (4) एस० एस० टी० पी०

**143.** निम्नांकित में से कौन समाचारपत्र का तत्त्व ***नहीं*** है ?

(1) विरोधाभास (Contrast) (2) संतुलन (Balance)

(3) संगति (Harmony) (4) स्थिरता (Stability)

**144.** 'दैनिक जागरण' सर्वप्रथम किस नगर से प्रकाशित हुआ ?

(1) झांसी (2) आगरा

(3) कानपुर (4) दिल्ली

**145.** 'सैनिक अख़बार' का संस्थापक कौन था ?

(1) सदासुखलाल (2) कृष्णदत्त पालीवाल

(3) विद्या भास्कर (4) डोरीलाल अग्रवाल

**146.** बालेश्वर अग्रवाल हिन्दी की किस समाचार समिति से जुड़े थे ?

(1) भाषा (2) हिन्दुस्तान समाचार

(3) यूनीवार्ता (4) समाचार भारती

**147.** विद्यानिवास मिश्र किस समाचारपत्र के सम्पादक थे ?

(1) हिन्दुस्तान (2) भास्कर

(3) नवभारत टाइम्स (4) जनसत्ता

**148.** हिन्दी में प्रसारित 'सोप ओपेरा' 'हमलोग' की पटकथा किसने लिखी ?

(1) राजेन्द्र यादव (2) धर्मवीर भारती

(3) सीमा ओझा (4) मनोहर श्याम जोशी

**149.** "और बोलो" स्लोगन किस मोबाइल नेटवर्क का है ?

(1) एयरसेल (2) एयरटेल

(3) वोडाफोन (4) बी एस एन एल

**150.** हिन्दी में प्रसारित टी० वी० सीरियल 'नीम का पेड़' किसके उपन्यास पर आधारित है ?

(1) प्रेमचन्द (2) कृष्णचन्द

(3) काशीनाथ सिंह (4) राही मासूम रज़ा

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण-पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल ***नीली/काली बाल-प्वाइंट पेन*** से ही लिखें)

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में ***लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,*** लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। ***इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***
4. अपना ***अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से*** निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. ***उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।***
6. ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक संख्या और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।
7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।
8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। ***प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. ***ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है।*** यदि आप किसी प्रश्न का ***उत्तर नहीं देना चाहते हैं,*** तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।
11. रफ कार्य के लिये इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा अंतिम खाली पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त ***केवल ओ० एम० आर० उत्तर-पत्र*** ही परीक्षा भवन में जमा करें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की भागी होगा/होगी।